पत्र सूचना शाखा
सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, उ0प्र0
(राजभवन सूचना परिसर)
——————

दीपावली पर्व पर राज्यपाल की बधाई

——————

राज्यपाल कल प्रातः 8.30 बजे से 9.00 बजे तक वरिष्ठ अधिकारीगण एवं संभ्रान्त नागरिकों से राजभवन में भेंट करेंगी

——————

लखनऊः 2 नवम्बर, 2021

उत्तर प्रदेश की राज्यपाल श्रीमती आनंदीबेन पटेल ने प्रकाश पर्व दीपावली के शुभ अवसर पर समस्त प्रदेशवासियों को हार्दिक बधाई प्रेषित करते हुए उनकी सुख–समृद्धि हेतु मंगलकामना व्यक्त की है।

राज्यपाल जी ने अपने बधाई संदेश में कहा है कि दीपों का यह पर्व समृद्धि का प्रतीक है। दीपावली का पर्व सभी लोगों के जीवन में नई खुशियों का संचार करे। उन्होंने कहा कि असली खुशी दूसरों के साथ अपनी खुशी बांटने में ही निहित है। हमें ऐसे पावन अवसरों पर अपने साथ उन्हें भी लेकर चलना चाहिए जो दुःखी तथा जरूरतमंद हों।

श्रीमती आनंदीबेन पटेल जी ने कहा कि दीपावली का पर्व भाई–चारे और सद्भाव के माहौल को मजबूत करता है। उन्होंने अभिभावकों तथा बच्चों से विशेष रूप से अपील की है कि खतरनाक एवं तेज आवाज वाले पटाखों से दूर रहें तथा पर्यावरण को दृष्टिगत रखते हुए सुरक्षात्मक तरीके से बड़ो की उपस्थिति में ग्रीन पटाखे जलाएं।

राज्यपाल दीपावली पर्व पर राजभवन में कल पूर्वान्ह 8:30 से 9:00 बजे तक वरिष्ठ अधिकारीगण एवं संभ्रान्त नागरिकों से भेंट कर बधाई भी देंगी।

——————

राम मनोहर त्रिपाठी/राजभवन (77/02)
सम्पर्क सूत्र
9453005360